हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

# चिमनी युग से ग्रामीणों को मिला छुटकारा, कुरूष में पहुंची बिजली

## गांव के 40 घरों को दिया विद्युत कनेक्शन व लगाया 6 ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के अंदरूनी एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र गांव कुरूष के 40 घरों के ग्रामीण चिमनी युग में चल रहे थे, यहां तक बिजली नहीं होने से लोगों ने मोबाइल नहीं रखा था। ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयास से विद्युत कंपनी ने शासन के नियद नेल्लानार योजना के तहत गांव तक बिजली लाईन बिछाया और ग्राम कुरुष को उर्जीकृत किया गया, 6 ट्रांसफार्मर लगाया। इससे गांव के बीपीएल के 40 घरों को विद्युत आपूर्ति प्रदाय की गई। गांव में बिजली पहुंचने से युवा व बच्चों सहित सभी लोगों के चेहरे खिल उठे। गांव के मंगू, बुधवारी आदि ने बताया कि गांव में बिजली नहीं होने के चलते रात में चिमनी जलाते थे, जिससे जहरीले सांप, बिच्छू आदि के डंस होने की संभावना बनी रहती थी। पर अब बिजली होने से जहरीले कीड़े मकोड़ों का डर नहीं है और पढ़ने वाले बच्चे रात में भी पढ़ाई कर रहे हैं। गांव को उर्जीकृत के दौरान गांव में कंपनी के ईडी की टीम के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, बीजापुर के कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता के साथ पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की।







### हर घर को कर रहे रोशन

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि शासन के निर्देश पर हर घर को बिजली से रोशन करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बेखौफ दौड़ती ओवरलोड ट्रकों से जर्जर हो रही सड़कें, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग के ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों परिवहन नियमों का उल्लंघन करते बेखौफ ओव्हरलोड वाहनें चल रही है। इसके चलते सड़क के साथ सड़क किनारे की पटली जर्जर हो रही है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने शिकायत भी की, लेकिन इस पर विभाग का ध्यान नहीं है। लोहंडीगुड़ा, बकावंड, बस्तर, दरभा ब्लॉक की अंदरूनी क्षेत्र में ओव्हरलोड वाहन चल रही है। हालांकि कई बार परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने ओव्हरलोड वाहनों पर शिकंजा कसते हुए जुर्माना भी किया, उसके बाद भी वाहन चालक एवं मालिक कार्रवाई की अनदेखी कर रहे हैं।

### दुर्घटना की आशंका बढ़ी

*बताया जा रहा है कि लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से आए दिन दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम हो रहा है।*

### वाहनों पर हो रही कार्रवाई

*परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि जांच के दौरान कार्रवाई की जा रही है। पहली बार जुर्माना किया जा रहा है और दूसरी बार परिवहन नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन जप्त कर कोर्ट भेजा जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से तीन ग्रामीण घायल

**बीजापुर।** नक्सलियो के द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से तीन ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। घटना मद्देड़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक दम्पाया के तीन ग्रामीण एर्रागुफा पारा निवासी है जो पारिवारिक काम से बंदेपारा जा रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग साढे आठ-नौ बजें के आसपास नक्सलियो द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से तीन ग्रामीण गोटे जोगा पिता समैया उम्र 45 वर्ष, विवेक ढोड़ी पिता नागैया उम्र 17 वर्ष और बडडे सुनिल पिता मिब्बा उम्र 20 वर्ष गम्भीररूप से घायल हो गये। उनके पैर एवं चेहरे में चोटें आई है।

### एक साथ पटाया 6 साल का टैक्स, मिली छूट



जगदलपुर। करदाता निखत गोरी ने 41436 रूपये 6 साल का एकमुश्त टैक्स जमा किया। इसके एवज में निगम से उन्हें जमा राशि मे 6.25 प्रतिशत का लाभ मिला। इस राशि को लेने निगम के राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा, राजस्व अधिकारी विनय श्रीवास्तव, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार श्रीवास की उपस्थिति में नगर निगम के खजाने में जमा किए।

### पखनार में लगा स्वास्थ्य शिविर



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरभा के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पखनार के उप स्वास्थ्य केंद्र पखनार के सुदर्शन पारा में अचानक सामान्य से अधिक उल्टी दस्त के प्रकरण पाए जाने पर सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुदर्शन पर एवं बारूबाड़ा में स्वास्थ्य मितानिन की सूचना पर प्रभारी आरएमए के निर्देश पर संबंधित ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इससे पहले उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा ग्राम विजिट के दौरान सुदर्शन पारा में जानकारी लेने पर बताया गया कि पारा में शादी कार्यक्रम का भोज रखा गया था, जिसमें सभी लोगों ने भोजन किया था। उसके बाद ही कई लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी थी। ग्राम में ही स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 8 मरीज का इलाज किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी कार्यक्रम डॉ. वीरेंद्र ठाकुर और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी के साथ जिले के एपिमिडियोलाजिस्ट दीपक पाणीग्राही जिले की टीम के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पखनार के सुदर्शन पारा का दौरा किया और वास्तविक स्थिति की जानकारी दी, वर्तमान में स्थिति सामान्य में हो रही है।

## हमने ईमानदारी से काम किया, इसलिए जनता के बीच रख रहे हैं सरकार का रिपोर्ट कार्ड

# बस्तर में बदलाव की बुलंद आवाज से माओवादियों के हौसले पस्त : सीएम







हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

- सुशासन तिहार में योजनाओं की ज़मीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री पहुंचे तोंगपाल
- सुकमा में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की

बस्तर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बस्तर के कोने कोने का विकास होगा और विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सुकमा जिले में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की और 16 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज सस्थाओं के जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.बसव राजु एस. भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आप लोगों के बीच पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां का वातावरण बड़ा सुंदर है और महुआ की सुंदर छांव शीतलता दे रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से स्वागत करने पर सभी का आभार जताया। श्री साय ने कहा कि बस्तर से बदलाव की बुलंद आवाज ने माओवादियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। बस्तर में माओवाद ▸▸ शेष पेज 12 पर

### मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणाएं

सुकमा दंतेवाड़ा मार्ग हेतु 230 करोड़ रूपए, झीरम व्यापवर्तन योजना हेतु 32 करोड़ 50 लाख, कावराकोपा में पुलिया निर्माण हेतु 35 लाख, जैमर में पुलिया निर्माण 35 लाख, हमीरगढ़ में सामाजिक भवन 30 लाख, टहकवाडा में एक पुल- पुलिया 35 लाख, तोंगपाल में समूह के लिए प्रशिक्षण केंद्र 25 लाख, मारेंगा में सी सी सड़क हेतु 16 लाख, एलेननार में पंचायत भवन 25 लाख और पुलिया हेतु 3.50 लाख, धोबनपाल देवगुड़ी में बाउंड्री वाल हेतु 10 लाख, सीतापाल के स्कूल में बाउंड्री वाल हेतु 8 लाख, वारदेरास में पुलिया हेतु 16 लाख रूपए की घोषणा की।

### योजनाओं की जानी हकीकत

*मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। तोंगपाल की त्रिवेणी रावटे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि मिल रही है। बच्चों के पालन पोषण में इस राशि के उपयोग की उन्होंने जानकारी दी। इसी तरह श्रीमती वेदमती कश्यप ने बताया कि हमारी समूह की दीदियां गणवेश सिलाई का काम करती हैं। तीन एकलव्य स्कूल के बच्चों की गणवेश सिलाई से उन्हें सालाना डेढ़ लाख रूपए से अधिक की कमाई हो रही है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी अपनी मांगे रखी और योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी।*

# पंचायत कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले 2 पुलिस कर्मी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- गुरूवार को कुटरू मार्ग पर पंचायत कर्मियों से की गई थी मारपीट

बीजापुर जिले के कुटरू मार्ग में पंचायत कर्मियों से मारपीट करने वाले जवानों को एसपी ने निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए है। एसपी ने कहा कि जांच के निष्कर्ष के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को निर्माण कार्यो के निरीक्षण कर लौटने के दौरान कुटरू मार्ग पर पंचायत कर्मियों से मारपीट की गई थी जिसके बाद इसकी शिकायत पिड़ीत द्वारा भैरमगढ़ थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. जितेंद्र यादव द्वारा मामले में संलिप्त दो पुलिस कर्मियों दिवा जितेंद्र व सोमारू उरसा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि नैमेड़ थाना क्षेत्र में गुरूवार शाम लगभग 5 बजे कुटरू से नैमेड़ की ओर जा रही एक चार पहिया स्विफ्ट वाहन सड़क मार्ग पर लापरवाही पूर्वक वाहन चला कर जा रहे थे। वाहन चलाते समय मार्ग में आ रहे बाइक सवार यात्रियों को 3 से 4 बार दुर्घटना होने से बाल बाल बचे। इसी मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों और सुरक्षा बलों के शिविरों के सामने मोबाइल चेक पोस्ट स्थापित कर चेकिंग की कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में गुदमा सुरक्षा कैंप के पास चेकिंग ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों द्वारा संबंधित वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। परंतु वाहन बिना रुके आगे बढ़ गया। जिसके बाद उक्त वाहन की जानकारी एसडीओपी कुटरू एवं थाना प्रभारी नैमेड़ को दी गई। संयोगवश एसडीओपी कुटरू भी उसी मार्ग से बीजापुर की ओर आ रहे थे जिनके द्वारा संबंधित वाहन को संकेत देने और रुकवाने का प्रयास किया गया। वाहन रोकने के पश्चात मौके पर वाहन में सवार पंचायत तकनीकी सहायक संतोष कुंजाम और पंचायत सचिव बाबूराव पुलसे से पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही थी। पूछताछ के दौरान वाहन में सवार व्यक्तियों एवं पुलिस कर्मियों के मध्य कहा सुनी एवं विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। घटना से संबंधित शिकायत थाना भैरमगढ़ में प्राप्त होने पर एसपी बीजापुर द्वारा प्रारंभिक तथ्यों ▸▸ शेष पेज 12 पर

### एसडीओपी पर आरोप

मारपीट के शिकार बने पंचायत कर्मियों ने एसडीओपी पर मारपीट का आरोप लगाते निलंबन और एफआईआर की मांग की। इसे लेकर शनिवार को रैली और भैरमगढ़ बंद का आह्वान किया गया है।

# बस्तर में चुनौतियों से भरी है पत्रकारिता : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में 'बस्तर में हिंदी पत्रकारिताः चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जनजातीय भौगोलिक क्षेत्र के कारण बस्तर में पत्रकारों का संघर्ष और बढ़ जाता है। इस क्षेत्र में पत्रकारिता करने के उनके साहस का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर पत्रकार एक बहुआयामी व्यक्तित्व का होता है। पत्रकार सारे परिवर्तन, चुनौतियों और आवश्यकता पर लिखते हैं। वरिष्ठ दिलशाद नियाजी ने कहा कि पत्रकारिता करना आसान नहीं है। लेखन के साथ अखबार का प्रकाशन भी एक बड़ी चुनौती है। जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ ▸▸ शेष पेज 12 पर

# एसडीओपी पर कारवाई के लिए कर्मचारियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर।** एसडीओपी और पुलिस द्वारा तकनीकी सहायक और सचिव को बर्बरता पूर्वक पिटाई किए जाने के विरोध में कर्मचारी संगठन ने भैरमगढ़ ब्लाक मुख्यालय में रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी संगठन ने घटना के विरोध में शनिवार को सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठन और जन सामान्य से स्व स्फूर्त होकर बीजापुर बंद का आह्वान किया है। अवगत हो कि प्रदेश संगठन द्वारा भी इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए समर्थन दिया गया है। उसके बाद भी करवाई नहीं होने की स्थिति में जिला मुख्यालय में रैली निकालकर न्याय यात्रा के रूप में एस पी ऑफिस का घेराव करेंगे। जिसमें सभी कर्मचारी संगठनों से आह्वान किया गया है।



## भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही

# युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम, कांग्रेस चलाएगी पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन : बैज

*45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे, नए शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



शहर के एक निजी हॉटल में शुक्रवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विभिन्न मुद्दों पर प्रदेश की विष्णुदेव और केंद्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना करते कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। इसके कारण 10 हजार स्कूल भी बंद हो जाएंगे।

शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी,चौथी,पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है। मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 विषय इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे। इसके अतिरिक्त मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न ▸▸ शेष पेज 12 पर

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान महामंत्री मलकीत सिंह गैदु, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, संयुक्त महामंत्री शंकर राव, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर,युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, राजेश राय, जावेद खान, लोकेश चौधरी,सुषमा सुता,अनुराग महतो,शादाब अहमद, अंकित सिंह,आदर्श दलाई उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में बस्तर के स्वास्तिक सागर ने हासिल किया तीसरा स्थान

- अंडर 11 वर्ग में शानदार प्रदर्शन, 7 राउंड में 5 .5 अंक लेकर बस्तर का नाम रोशन
- बस्तर के युवा खिलाड़ियों ने किया बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



अंडर 7, 9 ,11 और 13 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में बस्तर के स्वास्तिक सागर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंडर 11 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में 7 राउंड के मुकाबले में स्वास्तिक ने 5.5 अंक प्राप्त किये और बस्तर को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता में भव्यम झंवर रायपुर ने पहला और वी विराट अय्यर दुर्ग द्वितीय स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर रहे भव्यम 6 अंक हासिल कर विजेता बने । स्वास्तिक के पिता साहिल सागर भी एक फीडे रेटेड खिलाड़ी हैं। बस्तर से राज्य स्तरीय टूनार्मेंट में भाग लेने वाले अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा । अन्य खिलाड़ियों ने बस्तर का प्रतिनिधित्व किया उनमें अलंकृता मोहराना, अवनि जान, ज़िदान चामड़िया, तराना सारथी, वेदान्त शुक्ला, अमर्त्य सारथी, सार्थक शुक्ला, एम निमिष नायडू रहें।

## खबर संक्षेप

### लालबाग मैदान में सफाई अभियान आज

**जगदलपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर 31 मई को प्रात 7 बजे से लालबाग मैदान में सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी नागरिकों, स्वच्छता एंबेसडर्स एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेंगी। महापौर संजय पाण्डे ने इस सफाई अभियान में शहर के सेवा भावी लोंगो से उपस्थित होने की अपेक्षा की है ।

### संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह आज

**जगदलपुर।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर 31 मई को सुबह 11 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में संगोष्ठी, प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। स्वच्छता दीदीयों, नगरीय निकाय के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को इस समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी महापौर संजय पाण्डे ने दी है।

### शैक्षणिक पदों की भर्ती में दिव्यांग का भी नहीं किया गया चयन

**जगदलपुर।** शैक्षणिक पदों के भर्ती में लगातार शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कार्यप्रणाली पर आरोप लग रहे है। उल्लेखनीय है कि 10 विषयों के शैक्षणिक पदों के लिए भर्ती चल रही है उसमें 24 मई को कार्य परिषद को गलत जानकारी देकर पांच विषयों का लिफाफा खोलकर बिना साक्षात्कार परिणाम घोषित किए गुपचुप तरिके से कुछ चहेतों को पदभार ग्रहण करा दिया गया था जबकि अन्य आवेदक परिणाम जानने भटक रहे थे। इसी बीच समाज कार्य विषय में एक पद सहायक प्राध्यापक विकलांग श्रेणी में संगीता यादव जो कि समाज कार्य विषय में यूजीसी की सबसे बड़ी परीक्षा जेआरएफ उत्तीर्ण है और चार वर्ष का अनुभव भी है जैसे योग्य अभ्यर्थी को साक्षात्कार में बुलाकर नाट फाउंड सुटेबल कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि सहायक प्राध्यापक पद हेतु नेट के साथ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलो) की परीक्षा उत्तीर्ण सबसे विशिष्ट योग्यता होती है, और नेक के साथ जेआरएफ उत्तीर्ण करना बड़ी बात होती है । मिली जानकारी के मुताबिक जेआरएफ प्रमाण पत्र पूरे देशभर में नेट के परीक्षा दिए कुल परीक्षार्थी में से मात्र 2 प्रतिशत लोगों को ही मिल पाती है। आज तक भी विश्वविद्यालय के वेबसाइट में साक्षात्कार परिणाम अपलोड नही किया गया है। संगीता यादव ने उनके अनुभव और योग्यता के साथ नाइंसाफी किए जाने की बात कही है। एकमात्र उम्मीदवार होने के बावजूद चयन नहीं होना भर्ती प्रकिया पर सवाल उठता है।

# विधायक ने सुनी माकड़ी बैंक में जुटे किसानों की समस्याएं, बैंक को दिए त्वरित निर्देश

## माकड़ी सहकारी बैंक में नकदी संकट और अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी ने अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए माकड़ी स्थित जिला सहकारी बैंक में किसानों की भारी भीड़ देखकर तत्काल स्थिति का जायजा लिया। कोण्डागांव की ओर जाते समय बैंक में अचानक किसानों की भीड़ देख तत्काल गाड़ी रुकवाकर विधायक लता उसेंडी बैंक पहुंचीं।

माकड़ी चौक के पास स्थित इस बैंक में अचानक उन्होंने किसानों की भीड़ देखी और तत्काल गाड़ी रुकवाकर बैंक पहुंचीं। वहां मौजूद किसानों से चर्चा कर उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने नकदी की कमी, लंबी प्रतीक्षा और सुविधाओं की कमी की शिकायत की। इस पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए विधायक उसेंडी ने बैंक अधिकारियों से फोन पर बात की और बैंक में पर्याप्त राशि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि किसान निराश होकर लौटने को मजबूर न हों।

बैठने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए – इसके साथ ही उन्होंने बैंक परिसर में पीने के पानी, पंखा और बैठने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। विधायक की त्वरित पहल और संवेदनशीलता को देखकर किसानों ने हर्ष व्यक्त किया और आभार जताया। इस घटना ने फिर एक बार दर्शाया कि विधायक लता उसेंडी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीरता से तत्पर है।

## जिले में व्यापक स्तर पर मनाया गया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किशोरियों के लिए आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। जिनका उद्देश्य समुदाय स्तर पर किशोरियों हेतु गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस वर्ष का थीम श्रूढ़ियों को तोड़ें, मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाएं, इस बात पर जोर देता है कि मासिक धर्म एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी चुप्पी, शर्म और गलतफहमियों को खत्म किया जाना चाहिए। इसका प्रमुख उद्देश्य किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता की जानकारी देना, स्वच्छ और सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सामाजिक कलंक जैसी दुर्भावनाओं को दूर करना और समुदाय, विशेषकर माता–पिता और शिक्षकों को शामिल कर, सहयोगी वातावरण बनाना है। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र मेडिकल ऑफिसर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम और काउंसलर द्वारा किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और संक्रमण से बचाव पर मार्गदर्शन दिया गया। खुली चर्चा एवं संवाद सत्र में समुदाय के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हुए, जिससे यह संदेश गया कि मासिक धर्म सिर्फ सड़कियों का नहीं, पूरे समाज का विषय है। स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों की भागीदारी शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने छात्रें के बीच इंटरएक्टिव गतिविधियाँ आयोजित की गई। इससे सम्बन्ध में पोस्टर, बैनर, स्टिकर और हैंडबुक्स के माध्यम से सरल भाषा में संदेश दिया गया।

### स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को करें सहयोग

इस कार्यक्रम में राज्य, जिता एवं ब्लॉक स्तर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ–साथ, मितानिन महित्ता स्व–सहायता समूह, ने भी सक्रिय भागीदारी की। यह भागीदारी न सिर्फ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तक सीमित रहीं, बल्कि पूरे समाज ने इस विषय को गंभीरता से लिया। हर लड़की को मासिक धर्म के दौरान पूर्ण स्वच्छता और आत्मसम्मान का अधिकार मिले। इसके लिए समुदाय को साथ ताना जरूरी है स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीपी ने आम जनता से अपील किया है कि मासिक धर्म को लेकर समाज में खुला संवाद करें। लड़कियों को सुरक्षित और स्वच्छ विकल्प उपलब्ध कराने में सहयोग दें। स्कूलों और स्वास्थ्य संस्थानों को सहयोग करें ताकि कोई भी किशोरी जानकारी और संसाधनों से वंचित न रहे।

# शिल्प नगरी कोंडागांव के शबरी एंपोरियम पहुंचे सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शिल्पनगरी कोण्डागांव के आगमन पर शबरी एंपोरियम का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बेलमेटल, रॉट आयरन, बांस एवं काष्ठ शिल्प के बस्तर की जीवन शैली और समृद्ध जनजातीय संस्कृतियों को दर्शाती कलाकृतियों को देखा और इसकी सराहना की।

उन्होंने यहां शिल्पियों से मुलाकात कर बेलमेटल सहित विभिन्न कलाकृतियों की निर्माण प्रक्रिया और उनकी मार्केटिंग के संबंध में जानकारी ली। शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री को बेलमेटल से बने कलाकृति भेंट की।

### वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. बसव राजू, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, पूर्व विधायक सेवकराम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम साय का गुण्डाधुर महाविद्यालय में किया गया आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री वष्णुदेव साय के कोंडागांव पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। यहां शहीद गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बने हैलीपेड में मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय स्वागत केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, केशकाल के पूर्व विधायक सेवक राम नेताम सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।

# बोरगांव में लगा अंतिम समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत बोरगांव के हाई स्कूल में शुक्रवार को क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन कर शिविर का समापन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, फरसगांव जनपद अध्यक्ष मानकुराम नेताम, जनपद सदस्य विक्की दास, फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, तरुण साना, सोमादास एवं जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनके द्वारा प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी क्लस्टर के 08 पंचायतों को दिया गया। शिविर में आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से कुछ आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जावेगा। शिविर में ग्रामीणों को सब्जी मिनी कीट, मनरेगा जॉब कार्ड, केसीसी किसान कार्ड, मच्छर दानी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र वितरण संबंधित विभाग के द्वारा किया गया।

# एकलव्य विद्यालय बास्तानार के दो विद्यार्थियों का नीट कोचिंग के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एकलव्य विद्यालय बास्तानार के दो विद्यार्थियों का चयन दक्षणा कोचिंग फाउंडेशन के तहत होने वाली नीट की कोचिंग के लिए हुआ है। यह परीक्षा नवंबर में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न विद्यालयों से हजारों छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई के लिए शामिल हुए, अन्तिम परिणाम के अनुसार जिले से दो विद्यार्थियों यमुना दीवान और धीरज का चयन हुआ है। अब इन विद्यार्थियों को फाउंडेशन के द्वारा भोपाल में देश के सर्वश्रेष्ठ कोचिंग शिक्षकों द्वारा निशुल्क कक्षा 11वीं व 12वीं बोर्ड के साथ साथ राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट) की तैयारी कराई जाएगी। जिससे बच्चों का चिकित्सक बनने का सपना आसानी से पूरा हो सकेगा। स्कूल के प्रिंसिपल शिवा रेड्डी ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी तथा





बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही बताया कि ऐसी परीक्षाओं के लिए विद्यालय स्तर पर पिछले दो साल से पूरी तरह ध्यान दिया जा रहा है जिससे बच्चों का प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सपना पूरा हो सके। इस उपलब्धि पर उन्होंने विद्यालय के विज्ञान वर्ग के अध्यापकों रविंद्र कुमार बकोलिया,विजय तिवारी,विजय पठानिया,सुरजीत कुमावत तथा नीरज शर्मा के अध्यापन कार्य व प्रयासों की भी सराहना की।

## पेज 11 के शेष

### बस्तर में बदलाव की बुलंद...

अब अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलगढ़ के रूप जाना जाने वाले सुकमा में स्कूलों की घंटियां बज रही हैं, बच्चे निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

श्री साय ने कहा कि प्रदेशव्यापी इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना है। आज देखने आया हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य आपके गांव में सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं, महतारी वंदन योजना की राशि माताओं-बहनों को समय पर मिल रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान वे मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप जानकारी ले रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरण में आयोजित सुशासन तिहार अपने उद्देश्य में सफल हुआ है। प्रशासन ने कड़ी मेहनत कर आपकी समस्याओं का समाधान किया है। श्री साय ने कहा कि ऐसा काम वही सरकार कर सकती है जिसकी नीति और नियत साफ है। हमने ईमानदारी से काम किया है, इसीलिए जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड रख रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। हमने पूरे प्रदेश में पीएम आवास के माध्यम से लोगों के लिए पक्का मकान स्वीकृत कर उनके गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है। पहले ही कैबिनेट में हमने 18 लाख आवास स्वीकृत किया था, यह काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि हम किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान, 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर खरीद रहे हैं। धान के दो वर्षों के बकाया बोनस की राशि भी किसानों को दी जा चुकी है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपता संग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए परिश्रमिक की दर प्रति मानक बोरा 5000 रुपए की दर स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं पंचायत भवन में ही मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है। अगले एक वर्ष में यह सुविधा सभी पंचायतों में शुरू होगी।

**किस्टाराम- कोंटा मार्ग पर दौड़ेगी "प्रतिज्ञा हक्कुम मेल":** बस्तर अंचल के कभी संवेदनशील क्षेत्र रहे किस्टाराम- कोंटा मार्ग पर अब "प्रतिज्ञा हक्कुम मेल" बस दौड़ेगी। दुरस्थ क्षेत्रों में बेहतर आवगमन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री ने मरईगुड़ा के प्रतिज्ञा महिला क्लस्टर संगठन को हुक्कुम मेल बस की चाबी सौंपी। इससे अंचल के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देकर उनके सपनों के घर की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 हितग्राहियों को आवास के पहली किस्त के चेक भी बांटे। साथ ही पूरे हो चुके आवास के 4 हितग्राहियों को उनके नए घर की चाबी सौंपी।

**खेलो इंडिया पहल के 10 खिलाड़ियों को मिले खेल किट:** मुख्यमंत्री ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 10 खिलाड़ियों को खेल सामग्री (किट) प्रदान किए। इनमें 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी और 2 हाकी खिलाड़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया एकेडमी रायपुर और सुकमा में जिले की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

### पंचायत कर्मियों के साथ...

के आधार पर वाहन रोकने के दौरान उत्पन्न विवाद में संलिप्त रहे पुलिसकर्मी दिवा जितेन्द्र एवं सोमारू उरसा को निलंबित करते हुए संपूर्ण घटना की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। एसपी ने कहा कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बस्तर में चुनौतियों से भरी...

पत्रकार मनीष गुप्ता ने कहा कि हम सभी को सुंदर बस्तर के सपने को साकार करना है। पत्रकारिता पीजी कोर्स और संबंधित शोध पीठ की जरूरत की ओर विवि प्रबंधन को ध्यान दिलाते हुए कहा कि बस्तर संभाग में बहुत सारे ग्रामीण पत्रकार हैं जिन्हें पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों के प्रति जागरूक करने का प्रयास होना चाहिए। पत्रकार नरेश मिश्रा ने कहा कि पत्रकारों को किसी चुनौती से भयभीत नहीं होनी चाहिए। युवा पत्रकारों को निराश नहीं होना चाहिए।

**प्रज्ञा और आशु ने किया संचालन :** संचालन डॉ. प्रज्ञा गुप्ता और आशुतोष तिवारी ने किया। इससे पहले कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी ने स्वागत उदबोधन दिया। विभागाध्यक्ष डॉ संजय डोंगरे, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विनोद कुमार सोनी, सत्यवान साहू, इंदु बेक, विमलेश साहू सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण रोजगार...

हजारों रसोईया, स्वीपर और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर कमः पीसीसी अध्यक्ष ने बताया नए सेटअप के तहत सभी स्तर प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलो में शिक्षकों के न्यूनतम पदों में कटौती के चलते युवाओं के लिए नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जाएंगे। शिक्षा के स्तर पर प्रतिकूल असर पड़ना निश्चित है। इसके पहले भी रमन सरकार के समय भी 3000 स्कूलों को बंद किया गया था, जिन्हे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर शुरु किया गया। भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा।

चरणबद्ध आंदोलन होगाः बैज ने बताया प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के बाद एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है। युक्तियुक्तकरण से युवाओं के शिक्षक बनने का सपना भी टूट जायेगा, कांग्रेस युक्तियुक्तकरण के विरोध मे चरण बद्ध आंदोलन चलाएगी जिसकी रूपरेखा पार्टी जल्द जारी करेगी।

खाद बीज का अभूतपूर्व संकटः बैज ने बताया इस समय प्रदेश में खाद बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिये भटक रहे हैं किसान, भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून की अग्रिम दस्तक शुरु हो गयी है खरीफ की बुवाई खाद और बीज की कमी के कारण प्रभावित हो रहा,भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है।

# न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक हैं रानी अहिल्याबाई होल्कर

**कोण्डागांव।** मालवा की पूजनीय रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की उन विरल हस्तियों में शामिल हैं, जिनके शासन को केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय दृष्टिकोण से भी मिसाल माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, जब भारत राजनीतिक विखंडन और सामाजिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था, तब अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक का शासन नारी नेतृत्व, न्याय, समावेशिता और कल्याणकारी नीतियों की मजबूत नींव पर आधारित किया। अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी। उन्होंने न केवल मंदिरों, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करवाया, बल्कि व्यापारिक मागोंर् को सु–ढ़ कर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा भी दिया। उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों ने विशेष रूप से हाशिए के वगोंर् और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाया। इतिहासकारों ने उनके नेतृत्व की बहुप्रशंसा की है। भारत की रानियाँ रानी अहिल्याबाई नामक ग्रंथ में लिखा गया है कि उनके शासन में बुद्धिमत्ता, करुणा और निष्पक्षता का अनोखा संतुलन देखने को मिलता है। ब्रिटिश इतिहासकार कर्नल जेम्स ग्रांट डफ ने उन्हें



बुद्धिमान ब्राह्मण महिला बताते हुए उनके न्यायप्रिय शासन की सराहना की। वहीं सर जॉन मैल्कम ने उन्हें महिला तामेरलेन की उपाधि दी और उनके विजयी शासन की तुलना सिकंदर महान से की। रानी अहिल्याबाई होल्कर की नीति और शासन शैली आज भी सशक्त महिला नेतृत्व और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में मानी जाती है। उनके आदर्श आज की प्रशासनिक और सामाजिक व्यवस्था के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ 202505161800044/अ-2/ 2024-25 ग्राम-हारम, प.ह.नं.-20, तहसील- गीदम

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री दीपक जयसवाल पिता श्री राम आसरे जयसवाल व अन्य 01 निवासी ग्राम - गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नं. 7389160392 के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रय-विक्रय से प्राप्त भूमि ग्राम- हारम प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. गीदम तहसील- गीदम में स्थित भूमि खसरा नं. 520/12 रकबा 0.1174 हे. में से 0.100 हे. भूमि को कृषि भूमि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहते है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति /संस्था को उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 13/06/2025 समय 11.00 बजे अपरान्ह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है ।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/05/2025 को जारी किया जाता है ।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम**

**-:: शपथ पत्र ::-**

मैं लखेश्वर बघेल पिता सूती कश्यप, निवासी तुरेनार जिला बस्तर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

1. यह कि आधार क्रं. 9690 0079 4970 में मेरा नाम लखेश्वर बघेल पिता का नाम सूती कश्यप एवं जन्मतिथि 01.01.1970 अंकित है जिसे सुधार कर मेरा नाम लखेश्वर कश्यप पिता का नाम सूती कश्यप एवं जन्मतिथि 01.01.1990 लिखा जाना है।
2. यह कि उक्त दोनों नाम वाला व्यक्ति मैं स्वयं हूं।
3. यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**दस्तावेज गुमा**

वालफोर्ट आर्चिड रायपुर में तृतीय तल स्थित फ्लैट क्रमांक ए 305 खसरा नंबर 281/1 रकबा 20989 व.फु., खसरा नंबर 439/1-2 रकबा 8396 व. फु., खसरा नंबर 248/3 रकबा 29600 व.फु. व शीट नंबर 32 खसरा नबर 436/2, 438/28, 441 प्लाट नंबर 32/2 रकबा 690 वर्गफुट सभी का भाग रकबा 1043 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल व 1410 वर्गफुट सुपर बिल्ड अप, स्थित मौजा पंडरीतराई प.ह.न. 47, पुराना वार्ड 31, शंकर नगर वार्ड नया वार्ड नंबर 30, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित सम्पदा का मूल दस्तावेज सनसिटी जगदलपुर में दिनांक 20.05.2025 को गुम हो गया है काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिला। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली जगदलपुर में दर्ज करवाई गई है। जिस की सज्जन को मिले कृपया सूचित करें।

**कुमारी निशा नागवंशी**
**पिता श्री बली नागवंशी**
निवासी 87 सनसिटी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 39 जगदलपुर, जिला बस्तर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्रं/395/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दयानिधी पिता स्व.सोनधर जाति भतरा ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने मां स्व. बुदरी निवासी ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के मां स्व.बुदरी पति स्व. सोनधर ग्राम बड़ेदेवड़ा का दिनांक 15/03/2018 को मृत्यु हुई है। आवेदक दयानिधी पिता स्व. सोनधर जाति भतरा ग्राम बड़ेदेवड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के मां स्व. बुदरी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 30/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 16/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर**



|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिंहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग.(पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस आज

**बीजापुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धुम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे जन सामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति प्रभावी नियंत्रण हो सके। ग्राम पंचायत स्तर पर भी विविध गतिविधियों का आयोजन होगा।

### नगरपालिका अध्यक्ष की उपस्थिति में समाधान शिविर



**बीजापुर।** बीजापुर नगरपालिका अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 हेतु समाधान शिविर का आयोजन माध्यमिक शाला संजय पारा परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। शिविर में उपस्थित वार्ड वासियों को उनके प्रकरणों के निराकरण की जानकारी एवं शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं से अवगत कराते हुऐ पात्रतानुसार लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बाल विवाह मुक्त बीजापुर एवं बेटी-बचाओं, बेटी पढ़ाओं की शपथ ली गई। इस दौरान सीएमओ बंशीलाल नुरेटी सहित वार्ड पार्षदगण, जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी मौजूद थे।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम की 11 बिन्दुओं पर हुई समीक्षा



**गीदम।** विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक एजुकेशन सिटी जावांगा के आडिटोरियम में आयोजित की गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन्तला भास्कर, शिक्षा समिति के सभापति दिनेश कुमार कौशल, शिक्षा समिति के समस्त सदस्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकार, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्य, संकुल समन्वयक हाई एवं हायर सेकेण्डरी के शिक्षक व पीटीआई शिक्षक उपस्थित रहे। इस बैठक में शाला भवन की स्थिति, शिक्षा गुणवत्ता, प्रयोग शाला, सहित अन्य भौतिक आवश्यकता, बोर्ड परीक्षा परिणाम जैसे 11 बिन्दुओ पर समीक्षा की गई। शैक्षणिक नवाचार करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहन सहित शिक्षा गुणवत्ता पर विशेष फोकस करने हेतु जोर दिया। व जिन शालाओं मे जो भी समस्या है उसे त्वरित समाधान हेतु प्रयास करने पर बल दिया गया।

### हितग्राहियों को 3 महीने का चावल एकमुश्त मिलेगा

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय खाद्य शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले के सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों को आगामी 3 माह, जून से अगस्त तक का चावल एकमुश्त प्रदाय किया जायेगा। यह चावल माह जून में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से उठाया जा सकेगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आगामी माह जून में 3 माह, जून से अगस्त तक के चावल के एकमुश्त के संबंध में वितरण के संबंध में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं खाद्य विभाग अमले एवं जिले के समस्त उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेताओं की बैठक ली, जिसमें 3 माह के चावल भण्डारण और वितरण की समीक्षा की गई।

### नानगुर में 15 दिन पहले से दिया जा रहा डीएपी

# बड़े मुरमा में सोमवार से कटेगा परमिट और दो दिन बाद मिलेगा खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिलें के सोसायटीयों में खेती किसाने के काम में लगने वाले खाद आ गये है। जिसे किसान सोसायटी से ले भी रहे है। सभी सोसायटी में नगद ऋण के साथ साथ खाद और बीज भी दिया जा रहा है। हरिभूमि ने गुरूवार को 25-30 किलोमीटर दूर दो सोसायटी बड़ेमुरमा और नानगुर का जायजा लिया। जहां डीएपी यूरिया इफको उपलब्ध है।

बड़े मुरमा के लैम्प्स प्रबंधक तुलसीराम सेठिया न बताया कि डीएपी 500 पैकेट और यूरिया 1000 बोरा आ गया है। पोटाश नही आया है। उन्होंने बताया कि सोमवार से परमिट कटेगा और 2 दिन बाद किसानों को खाद मिलना शुरू हो जायेगा। यहां छोटे किसान 631 और बडे. किसान 287 कुल 918 पंजीकृत किसान है। जिसे ऋण और खाद बीज दिया जा रहा है। इस लैम्प्स के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांव आते है जहां के किसानों को लाभ मिल रहा है। नानगुर के लैम्प्स प्रबंधक तरूण सेठिया ने बताया कि डीएपी 125 टन आया है यूरिया इफको भी है 15 दिन पहले से किसानों को खाद बांटा जा रहा है।






### समय से पहले बारिश से जमीन गीला

घाटलोहंगा के किसान श्रीनिवास मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ में बारिश होता है लेकिन इस बार पहले पानी गिर गया। जिसके कारण ट्रेरक्टर से जोतने में इंतजार करना पड़ेगा। इस साल खेती का काम पिछड़ सकता है। अभी एक प्रतिशत किसान बोयें नही है। शुरूवात में डीएपी और पोटाश की जरूरत पड़ती है। बुआई के बाद यूरिया लगेगा। सोसायटी में खाद मिलनें से किसानों को राहत है।

### किसानों को मिल रहा खाद

नानगुर के किसान महेन्द्र सेठिया ने कहा कि इस इलाके में 2 दिन झमाझम बारिश हुई। खेतों में पानी भर गया है। किसानों को सोसायटी से जरूरत का खाद मिल रहा है। उन्होंने कहा बारिश से मक्का गीला हो गया है। जिसे सुखाने में किसान जुटे है। नमी अधिक होने से क्वालिटी में कमी से रेट भी कम मिलेगा।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का किया गहन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा नगरीय क्षेत्र का निरीक्षण दौरा किया। निरीक्षण की शुरुआत उन्होंने मुख्यालय के मुक्तिधाम से किया। ज्ञात हो मुक्तिधाम में विभिन्न आवश्यक निर्माण कार्य जैसे आहता निर्माण, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शौचालय निर्माण, ट्रस कार्य पर शीट और पत्थर फिटिंग, घाट एवं गार्डनिंग निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इन निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने कहा इन सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित सब-इंजीनियर एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने मंदिर परिसर स्थित नये प्रसाधन कक्षों का भी अवलोकन कर जल्द प्रारंभ करने निर्देश के साथ-साथ दो स्वीपर की नियुक्त करने को कहा जिसे शौचालय के नियमित रूप से साफ-सफाई हो सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने माँ दंतेश्वरी मंदिर के नदियों के संगम स्थल परिसर में सौंदर्यीकरण कार्यों के तहत निर्माणाधीन रिटर्निंग वॉल तथा वॉल में प्रदर्शित किये जाने वाले म्यूरल आर्ट का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सौंदर्यीकरण कार्यों में स्थानीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।



# काजू प्रोसेसिंग प्लांट में छह माह से लगा है ताला

### 150 आदिवासी महिला मजदूर रोजी-रोटी से बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

■ बाजार में तेजी से सरकारी रेट में नहीं हो पाई काजू गुठली की खरीदी

राज्य सरकार की गलत नीति की वजह से वर्ष 2013 से वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर बकावंड में संचालित काजू प्रोसेसिंग प्लांट पर पिछले दिसम्बर माह से ताला लगा हुआ है और मशीनों में जंग लग रही है। वहीं प्लांट बंद होने से करीब डेढ़ सौ आदिवासी महिला मजदूर रोजी-रोटी के मोहताज हो गए हैं।

यह सब राज्य सरकार की गलत नीति की वजह से हो रहा है, प्रोसेसिंग के लिए जो काजू गुठली लगता है उसका रेट ग्रेड अनुसार सरकार ने 115, 120 रुपये निर्धारित कर रखा है जबकि बाजार में तेजी की वजह से काजू गुठली 138 से 150 रुपये की दर पर बिक रहा है इससे प्रोसेसिंग प्लांट के लिए काजू खरीद रहे समितियों के हाथ खाली है और कच्चा माल नहीं होने की वजह से प्रोसेसिंग प्लांट बंद पड़ा है। इस सम्बंध में प्रोसेसिंग का काम संचालित कर रही मां धारणीकरिन महिला स्व सहायता समूह बकावंड की महिलाओं ने कई दफा फारेस्ट के अधिकारियों से मिलकर काजू की उपलब्धता सुनिश्चित कर प्रोसेसिंग का काम शुरू करने की गुहार लगाई पर नियमों में रद्दोबदल कर खरीदी नीति को बाजार के समदर्शी बनाने की पहल किसी ने नहीं की। मंगलवार को समूह के एक प्रतिनिधि मंडल ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को ज्ञापन सौंप प्रोसेसिंग प्लांट को जल्द शुरू कर महिलाओं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर विधायक बस्तर ने उच्चाधिकारियों से चर्चा कर प्रोसेसिंग प्लांट जल्द शुरू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

बघेल ने कहा कि जिस प्रोसेसिंग प्लांट की चर्चा देश ही नहीं विदेशों तक है समूह की दो महिलाओं ने सिंगापुर तक अपना लोहा मनवाया है, विभाग ने भी बस्तर के छोटे काजू को बड़े पैमाने पर प्रचारित कर अपना रोल मॉडल बना रखा है यह काम बंद कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नये रोजगार का सृजन तो नहीं कर पा रही है और जो रोजगार के साधन उपलब्ध है उसे भी छीन रही है।



# जूनियर सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के 8 खिलाड़ी



**बीजापुर।** चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो की 30 मई से 2 जून तक चंडीगढ़ पंजाब में आयोजित होने वाली है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की सॉफ्टबॉल टीम में बीजापुर जिले के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें बालिका वर्ग में अनुराधा कोवासी, अस्मिता मारपल्ली ज्योति ओयाम, रिंकी हेमला, लक्ष्मी बघेल, पूजा कोरसा बालक वर्ग में लक्ष्य निषाद और राकेश कड़ती शामिल हैं। नेशनल प्रतियोगिता में चयन होने एवं पदक जीत के आने के लिए जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी साथ ही अकादमी के खेल प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल ने भी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की समस्त जानकारी सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच एवं जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार के द्वारा दी गई।

# उत्कल समाज ने लगातार तीसरा मैच जीतकर सेमीफाइनल का राह किया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के गांधी (हाता) क्रिकेट मैदान में इन दिनों चोको-छक्कों की धूम है। अवसर है सामाजिक एकता क्रिकेट स्पर्धा का। जिसमें बस्तर अंचल के सभी समाज के युवा ब्रिगेड क्रिकेट में अपना जलवा बिखेरने का अवसर नहीं छोड़ रहे है। सामाजिक क्रिकेट मैच में उत्कल समाज की ज्यादा चर्चा इसलिए हो रही है कि टीम के धुरंधरों के लाजवाब बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग के बलबूते विरोधी टीमो को चारों खाने चित करने में सफल हो रहे है। शुक्रवार की उत्कल समाज लगातार तीसरा मैच जीतकर अपने इरादे जता दिए है। उत्कल समाज के शुभम बेसरा और विकास रावल ताबड़तोड़ बल्केबाजी करते हारा हुआ मैच अपने टीम के पक्ष में किया। शुभम जहां 15 गेंदों में 3 छक्का और 2 चौका लगते अपने टीम के लिए 31 रनों के योगदान दिया। वही विकास रावल भी अपने लाजवाब बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते 15 गेंदों में लगातार 3 छक्के 1 चौका से 27 रन अपने टीम के लिए जोड़े। इन दोनों खिलाड़ियों के चैंपियन पारी के बदौलत उत्कल समाज साहू समाज के हलक से जीत छीनने में सफल हुआ। साहू समाज पहले बल्लेबाजी करते 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान से 75 रन बनाए। जवाब में उतरी उत्कल समाज 7.3 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया।

आज उत्कल समाज के विरुद्ध साहू समाज के मध्य 10 ओवर के टेनिस बाल क्रिकेट में उत्कल समाज ने टॉस जीतकर फील्डिंग का निर्णय लिया। जिसमे समाज को काफी हद तक सफलता भी मिली। साहू समाज के प्रारंभिक बल्लेबाजों को बांधकर रखा। इसलिए साहू समाज के ओपनर बल्लेबाज भूपेश साहू 6 रन बनाके उत्कल समाज के गेंदबाज राहुल के शिकार बने। आसिष साहू अपने टीम के लिए सर्वाधिक रन जोड़ते 27 रन ठोके। जिसमे उनके 3 लगातार गेंदों में 3 छक्का शामिल है। हालांकि जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे आसिष को उत्कल समाज के गेंदबाज प्रणव के शानदार गेंद पर शुभम ने कैच आउट किया। आसिष के आउट होते ही अन्य बल्लेबाज भी कोई खास रन अपने टीम के लिए नही जुटा पाए। साहू समाज के राजा जीरो रन पर बोल्ड हुए। वही लखन अपने टीम के लिए 9 रन का योगदान दिया। जबकि सूरज साहू कुछ देर मैदान में टिककर अच्छे बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इस दौरान सूरज 3 छक्के जड़े। 11 बाल में 21 रन बनाने में सफल हुए। साहू समाज के जागेश्वर साहू और नवीन साहू भी 3-3 रन बनाकर आउट हुए। इस तरह साहू समाज पूरे 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान ओर 75 रन बनाए।



### उत्कल समाज के प्रारंभिक बल्लेबाज नहीं चले

उत्कल समाज के सलामी बल्लेबाज शिव सागर,गौतम सोनी,प्रभात कुमार दास और कप्तान नितेश मिश्रा नही चले। शिव सागर, गौतम,प्रभात एक एक रन और कप्तान नितेश केवल 2 रनों के योगदान अपने टीम के लिए दिया।

# विधायक ने किया सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

■ चंदेला में समाधान शिविर का हुआ समापन

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम चंदेला में आज जनसमस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित समाधान शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक द्वारा ग्रामवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 5 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सांस्कृतिक भवन के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया।

उन्होंने कहा कि यह भवन ग्रामीणों के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, विद्युत, जल संसाधन सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने भाग लिया और ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, सुनील कुहरामी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जिला मंत्री बाबुल नाग, ओमप्रकाश ठाकुर, तुलाराम, सावेन्द्र सेठिया, चन्द्रशेखर ठाकुर, डोमुराम लिबरू कश्यप, मोतीलाल कश्यप, तुलाराम सेट्टी, तरुण पानीग्राही, पंचानन पाण्डेय, बलीराम बघेल, महेश नाग, बुधराम बघेल, सुखचंद ठाकुर, लखन ठाकुर, कविनाथ, विरबल तामर, हेमधर नाग, प्रेम नाग, जगतुराम एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।






# प्रदूषण नियंत्रण पर हुई जागरूकता व संभाग स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के तत्वाधान में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (यथा संशोधित), के पालन एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गाईडलाईन्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनजागरूकता बाबत संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्व. बलीराम कश्यप मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज, एसोसियेटेड शहीद महेन्द्र कर्मा मेमोरियल हॉस्पिटल डिमरापाल के कॉन्फ्रेंस हॉल (ऑडिटोरियम) में बुधवार को किया गया है।

कार्यक्रम में बस्तर संभाग के अंतर्गत सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अशासकीय चिकित्सा संस्थानों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में शासकीय मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप बैक एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल नवा रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र, मुख्य रसायनज्ञ आरपी वासुदेव, मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेस पिस्दा एवं वैज्ञानिक घनश्याम सिंह द्वारा उपस्थित जनों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 (यथा संशोधित), के तहत संस्थानों से जनित जैव चिकित्सा अपशिष्टों का नियमानुसार संधारण, पृथककरण, निपटान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। कार्यक्रम का संचालन रसायनज्ञ नन्दकुमार पटेल द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्षेत्रीय कार्यालय के खोमेन्द्र कुमार, गफूर शरीफ, विनोद निषाद एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।



# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ महापौर संजय पाण्डे मिले खिलाड़ियों से, बढ़ाया हौसला

बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 2025 का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। यह तीन दिवसीय स्पर्धा प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम के इन्डोर हॉल में चल रही है। शुभारंभ अवसर पर नगरनिगम महापौर संजय पाण्डे, बस्तर जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष मनीष गुप्ता, पर्यावरण प्रेमी संपत झा एवं अन्य गणमान्य खेलप्रेमी उपस्थित थे।

प्रथम दिवस अंडर 13 एवं 19 ब्यायस के सिंगल्स मुकाबले हुए। गर्ल्स ओपन के मुकाबले में लड़कियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज कुल 45 मैच संपन्न कराए गए। देर शाम तक सिनीयर के सिग्लस व डबल्स मुकाबले करवाए गए। इस वर्ग के कुल 15 मैचेस आज संपन्न हुए। शनिवार से सीनियर डबल्स चार वर्गो में 35+, 40+, 50+, 55+ में खिलाड़ी आपस में कोर्ट में भिड़ेगे।

# खैरगुड़ा में बिजली ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा के खैरगुड़ा में बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन से अधिक समय से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा, मोबाइल चार्ज करने में भी परेशानी हो रही है, जिससे उनके मोबाइल बंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। उनका कहना है कि बिजली आपूर्ति बहाल होने तक उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। बिजली विभाग के अधिकारियों को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। हमें उम्मीद है कि बिजली विभाग के अधिकारी इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करेंगे और ग्रामीणों को राहत प्रदान करेंगे।




